महत्वपूर्ण एवं खास

मनरेगा अंतर्गत विभिन्न संविदा पदों के लिए अंतिम चयन सूची जारी

न्याय साक्षी/रायगढ़। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना प्रकोष्ठ कार्यालय जिला पंचायत रायगढ़ अंतर्गत जिला एवं जनपद स्तर पर कार्यक्रम अधिकारी, तकनीकी सहायक, लेखापाल, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर, सहायक ग्रेड-3 के कुल 72 संविदा पद के लिए आवेदन मंगाए गए थे। प्राप्त आवेदनों का जांच कर कौशल परीक्षा उपरांत प्राप्त अंक के आधार पर अंतिम चयन सूची जारी की गई है। अभ्यर्थी सूची का अवलोकन रायगढ़ जिले के वेबसाईट www.raigarh.gov.in में कर सकते है।

लोढाझर में हाईवे किनारे जुआ खेल रहे 04 लोग पकड़ाए

न्याय साक्षी/रायगढ़। थाना भूपदेवपुर में निरीक्षक डी.के. मारकंडे के निर्देशन पर थाने में पदस्थ उप निरीक्षक कमल किशोर पटेल एवं हमराह स्टाफ द्वारा आज दिनांक 17.04.2020 के दोपहर मुखबीर सूचना पर लोढाझर हाईवे रोड किनारे 52 पत्ती ताश से जुआ खेल रहे व्यक्तियों को रेड कर पकड़े। पकड़े गए आरोपियों के फड एवं पास से 72,120 रुपए 52 पत्ती ताश, एक प्लास्टिक की बोरी जप्त किया गया है। पकड़े गए जुआड़ियान में 1. अजय कुमार बनर्जी पिता स्व. कुंज बिहारी उम्र 27 वर्ष निवासी किरोडीमलनगर, 2. भजन लाल उरांव पिता जग्गी प्रसाद उरांव उम्र 30 वर्ष सा0 उच्चभिट्ठी, 3. नवीन कुमार साहू पिता रामेश्वर साहू उम्र 24 वर्ष निवासी किरोडीमलनगर और 4. पिताम्बर साहू पिता रामभजन साहू उम्र 30 वर्ष निवासी किरोडीमलनगर जिला रायगढ में शामिल है।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के सामग्री जमाखोरी करने वाला गया जेल

न्याय साक्षी/रायगढ़। थाना भूपदेवपुर में कार्यरत उपनिरीक्षक कमल किशोर पटेल के नेतृत्व में दिनांक 16/04/2020 को ग्राम लोढाझर निवासी भीमराम साहू के घर छापेमारी किया गया पुलिस को सूचना मिली थी कि भीम राम साहू अपने घर पर सार्वजनिक वितरण प्रणाली के सामग्रियों की अवैध तरीके से जमाखोरी किया गया है। छापेमारी में भूपदेवपुर पुलिस को सोसायटी का 02 बोरी शक्कर 100 किग्रा., 02 जरीकेन मिट्टी तेल 100 लीटर एवं चना छोटा वाला 15 किग्रा. मिला , जिसे जप्त किया गया है आरोपी भीमराम साहू पिता शौकी लाल उम्र 49 वर्ष निवासी लोढाझर थाना भूपदेवपुर के विरुद्ध धारा 3,7 आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

ट्रैफिक डीएसपी द्वारा जवानों में वितरण किया गया मास्क व हैंड ग्लब्स का वितरण

न्याय साक्षी/रायगढ़। जिले के ट्रैफिक डीएसपी पुष्पेंद्र बघेल अनुशासित अधिकारी है और अपने अधिनस्थ कर्मचारियों को भी अनुशासित देखना पसंद करते हैं। प्रतिदिन वे सुबह-शाम शहर के अंदर और आउटर चेकप्वाइंट को जाकर चेक करते हैं और वहां ड्यूटीरत जवानों से उनका हाल चाल लेकर आवश्यक हिदायत दिया करते हैं। पिछले दिन रूटीन चेक में उन्होंने पाया कि कुछ जवान बगैर हैंड ग्लव्स के तथा कुछ जवान कपड़े से बने मास्क पहने हुए थे। उन्हें जाकर डीएसपी ट्रैफिक द्वारा समझाया गया कि कपड़े से बने मास्क को भी प्रतिदिन डेटॉल से वाश करना है और यदि वन टाइम यूजुबल हैंड ग्लव्स का यूज कर रहे हो तो उसे दूसरे दिन यूज़ नहीं करना है। कल वे पॉइंट में लगे जवानों को समझा कर गए और आज सभी पॉइंट लगे जवानों के लिए ह्95 मास्क व अच्छी क्वलिटी के हैंड ग्लव्स का वितरण सभी पॉइंट्स में जाकर किए और जवानों को निर्देशित किए की स्वयं की सुरक्षा पर कोताही ना बरतें कोई भी वाहन रोकते हैं तो करीब जाकर पूछताछ ना करें, उनके आई कार्ड आदि को दूर से जांच करें, क्योंकि संक्रमण दिखाई नहीं देता है, सावधान रहें तथा शहरवासियों से शालीनता से पेश आवें।

लॉक डाउन में मनरेगा के काम शुरू होने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिल रहा बल

1 अप्रैल से अब तक 1 करोड़ 14 लाख 13 हजार 588 रु का हो चुका है भुगतान

न्याय साक्षी/रायगढ़। राज्य शासन द्वारा कोविड-19 के चलते प्रभावशील लॉक डाउन के बीच सरकार लोगों की जरूरतों का ख्याल रखने हर संभव कदम उठा रही है। ग्रामीण जनों की आर्थिक मदद के लिए शासन द्वारा मनरेगा के कार्य प्रारंभ करने के निर्देश जारी किए गए। निर्देश में व्यक्ति मूलक और आजीविका संवर्धन के उन कार्यों को शामिल करने के लिए कहा गया जिनमें कम से कम श्रमिकों की आवश्यकता हो।

जिनमें निजी भूमि पर किये जा सकने वाले कार्य जैसे डबरी निर्माण, कुंआ निर्माण, बकरी व गाय शेड, प्लांटेशन तथा बाड़ी निर्माण आदि शामिल हैं। इस दौरान कोरोना वायरस से बचाव के लिए जारी सोशल डिस्टेंसिंग तथा अन्य सुरक्षात्मक उपायों का अनिवार्यतः पालन करना होगा।

मनरेगा के तहत कार्य प्रारम्भ किये जाने से लोगों ने भी बड़ी राहत महसूस की है। रायगढ़ जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत सकरबोगा के अंतराम नायक मनरेगा के अंतर्गत कार्य प्रारम्भ किये जाने से बहुत उत्साहित हैं। उनका कहना है कि लॉक डाउन में कहीं काम करने नही जा सकते थे। ऐसे में जल संग्रहण व सिंचाई के लिए कुआं निर्माण का कार्य स्वीकृत किया गया है। जिसका निर्माण प्रारम्भ से हमें दोहरा लाभ हुआ है। आर्थिक तंगी तो दूर हो ही रही है, कुंआ निर्माण हो जाने से पानी की व्यवस्था भी हो जाएगी। जिसका उपयोग सिंचाई के साथ घरेलू कार्य मे कर पायेंगे। इस दौरान वो कोरोना से बचाव के सुरक्षात्मक उपायों का भी भली-भांति पालन कर रहे हैं।

जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी अनुसार 9 विकासखण्डों के कुल 473 ग्राम पंचायतों में 1512 कार्य प्रगतिशील हैं। जिसमें 13684 मजदूर कार्यरत है। शेष 292 ग्राम पंचायतों में मनरेगा के अंतर्गत कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति दी जा चुकी है। जिसका क्रियान्वयन शीघ्र प्रारंभ होने जा रहा है। नए निर्देशों के बाद चालू हुए कार्यों के अंतर्गत 01 अप्रैल से अब तक मजदूरों को 1 करोड़ 14 लाख 13 हजार 588 रुपए का भुगतान किया जा चुका है।

जिले में अन्य राज्यों से आये 6260 में से 2525 यात्री होम आईसोलेशन में

» जिले में आज तक कोई भी कोरोना के पाजिटिव मरीज नहीं

» निजामुद्दीन से लौटे यात्रियों की क्वारेंटाईन अवधि पूर्ण होने के बाद रिपोर्ट नेगेटिव आने पर भेजा गया घर

» स्वास्थ्य विभाग कर रहा है इनकी नियमित मॉनिटरिंग

न्याय साक्षी/रायगढ़। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में 01 जनवरी 2020 के बाद विदेशों से कुल 211 यात्री आये हैं जिसमें से 202 यात्रियों का होम आईसोलेशन एवं क्वारेंटाईन की अवधि 28 दिवस पूर्ण हो चुका है। शेष 9 यात्रियों को होम आईसोलेशन में रखा गया है। इनके घरों के आस-पास 50 घरों का कम्यूनिटी सर्वेलेंस किया गया है एवं सतत् निगरानी रखी जा रही है।

जिले में अन्य राज्य से अब तक कुल 6260 यात्री आये हैं जिसमें से 3735 यात्रियों का होम आईसोलेशन की अवधि 28 दिवस पूर्ण हो चुका है। शेष 2525 यात्रियों को होम आईसोलेशन में रखा गया है एवं सतत् निगरानी की जा रही है। जिले में कुल 137 व्यक्तियों का सेम्पल संग्रहण कर जांच हेतु भेजा गया है। जिसमें से 132 व्यक्तियों का रिपोर्ट निगेटिव प्राप्त हुआ है। शेष 5 का रिपोर्ट अप्राप्त है।

वर्तमान में जिले में किसी भी व्यक्ति में कोविड-19 बीमारी के लक्षण नहीं पाये गये है एवं आज दिनांक तक कोई भी कोविड-19 के पॉजिटीव मरीज नहीं है। निजामुद्दीन से लौटे तीन लोग जिन्हें बंशीवट में क्वारेंटाईन किया गया था, उनकी क्वारेंटाईन अवधि पूर्ण होने पर गाईड लाईन के अनुसार सेम्पल जांच के लिए भेजा गया था। जिसकी रिपोर्ट नेगेटिव आने पर उन्हें लॉक डाउन का पालन करने के निर्देश देते हुए आज दोपहर 2 बजे उन्हें क्वारेंटाईन सेंटर से उनके घर के लिए रवाना किया गया।

जिले के सभी निवासियों से अपील है कि लॉकडाउन को सफल बनाएं एवं सामाजिक दूरी के नियमों का कड़ाई से पालन करें तभी इसके प्रसार को नियंत्रित किया जा सकेगा। जिले में यदि ऐसे किसी भी प्रवासी व्यक्ति की जानकारी उन्हें प्राप्त होती है, तो टोल फ्री नम्बर 104 पर एवं अंतर्विभागीय समन्वय हेतु दोनों नम्बर 9589356700 तथा 9981811582 पर एवं जिले के प्रशासनिक अधिकारियों को तत्काल सूचना देवें।

सीतापुर की ओर से गांजा लेकर आ रहे महिला एवं पुरुष को सोनपुर के पास कापू पुलिस ने पकड़ा

आरोपियों से 2 किलो गांजा व उनकी मोटरसाइकिल की गई जप्त

न्याय साक्षी/रायगढ़। थाना छाल अंतर्गत चंद्रशेखरपुर एडु में रहने वाले चंद्रमणि सिदार और रमला दुबे दिनांक 16.04.2020 के रात्रि सीतापुर की ओर से गांजा लेकर मोटरसाइकिल पर वापस अपने घर जा रहे थे जिन्हें मुखबीर सूचना पर कापू पुलिस द्वारा सोनपुर मेन रोड पर रात्रि करीब 8:00 बजे पकड़े हैं।

जानकारी के अनुसार कापू पुलिस को सूचना मिली थी कि मोटरसाइकिल हीरो होंडा पैशन प्लस पर एक व्यक्ति मोटरसाइकिल के पीछे एक महिला को बिठाकर गांजा लेकर कापू होते जाएंगे, जिस कापू थाना प्रभारी उपनिरीक्षक धनीराम राठौर द्वारा अपने स्टाफ के साथ रात्रि करीब 8:00 बजे सोनपुर मेन रोड के पास दोनों को आते पकड़े। आरोपियों से 02 किलो गांजा कीमती12,000 एवं मोटर सायकल क्रमांक सीजी-07 एलआर-2069 हीरो होण्डा पैशन प्लस जप्त किया गया है। आरोपी (1) चद्रमणी सिदार पिता मालिक राम सिदार उम्र

35 वर्ष (2) श्रीमती रमला दुबे पति हीराधर दुबे उम्र 55 वर्ष साकिन साकिनान चन्द्रशेखरपुर (एडू) के विरुद्ध थाना कापू में 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

लॉकडाउन के दौरान ताजे फल,सब्जी,राशन व दूध की घर पहुंच सेवा हेतु वेब पोर्टल सीजी हाट तैयार

» ग्राहक पोर्टल में ऑनलाईन पंजीयन कर मंगा सकते है सामग्री

» डिलीवरी के लिए वेंडर्स को भी करना होगा ऑनलाइन पंजीयन

» डिप्टी कलेक्टर सुश्री सीमा पात्रे को बनाया गया रायगढ़ के लिए जिला एडमिन

न्याय साक्षी/रायगढ़। कोरोना वायरस (कोविड-19)संक्रमण के लॉकडाउन के दौरान ताजे फल एवं सब्जी की घर पहुंच सेवा देने हेतु चिप्स द्वारा एक वेब पोर्टल सीजी हाट तैयार किया गया है। जिसका http://cghaat.in है। जिसका शुभारंभ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी द्वारा 16 अप्रैल को किया गया है। पोर्टल में होम डिलीवरी के लिए फल और सब्जी के साथ दुध व किराना सामान आदि अन्य वस्तुएं भी जोड़ी गई है। उक्त पोर्टल का उपयोग करने के लिए ग्राहक अपना ऑनलाईन पंजीयन करके लॉगिन करेंगे और सीधे वेण्डरों को पोर्टल पर ही ऑडर दे सकेंगे। आर्डर ट्रैकिंग के लिए एस.एम.एस.नोटिफिकेशन की व्यवस्था है। सामान की डिलीवरी के लिए वेंडर्स को भी पोर्टल में ऑनलाइन पंजीयन करना होगा। पंजीयन के पश्चात जिला एडमिन द्वारा उक्त वेंडर्स की क्षमता देखकर सही पाए जाने पर ही उसका अनुमोदन किया जाएगा। अनुमोदन के बाद ही जनता वेंडर्स को पोर्टल में देख सकेगी और उनको आर्डर कर सकेगी। पोर्टल के क्रियान्वयन के लिए एक जिला एडमिन और अलग-अलग शहरों के लिए शहर एडमिन होगा।

कलेक्टर यशवंत कुमार के द्वारा पोर्टल के समुचित मॉनिटरिंग एवं सफल क्रियान्वयन हेतु डिप्टी कलेक्टर रायगढ़ सुश्री सीमा पात्रे को जिला एडमिन नियुक्त किया गया है तथा उनके सहयोग हेतु एनआईसी अधिकारी ऋषि कुमार एवं इलेक्ट्रानिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी रायगढ़ के ई.डिस्ट्रिक मैनेजर अनुपेन्द्र प्रधान की ड्यूटी लगाई गई है।



अवैध शराब बिक्री पर जारी है रायगढ़ पुलिस की प्रभावी कार्यवाही

» प्रतिदिन बनाए जा रहे हैं 20 से 25 मामले

» पिछले 3 दिन में बनाए गए 72 प्रकरण, जप्त हुए 352 लीटर कच्ची महुआ शराब

» टी.आई. आशीष वासनिक की टीम ने 6 प्रकरणों में किए 80 लीटर महुआ शराब जप्त

न्याय साक्षी/रायगढ़। जैसा कि गत दिनों एडिशनल एसपी रायगढ़ अभिषेक वर्मा द्वारा मीडिया के साथियों को बताया गया था कि थानों में चोरी और सड़क दुर्घटनाओं के मामलों में कमी आई है साथ ही अन्य अपराध के आंकड़े कम हुए हैं किंतु पीड़ितों के पुलिस थाना/चौकी आकर अपनी रिपोर्ट निरंतर दर्ज कराई जा रही है। प्रकरणों के आंशिक रूप से आई कमी को अब शराब कोचिंग द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने के कारण पिछले 2-3 दिनों से पुलिसिया कार्यवाही से थानों में दर्ज प्रकरणों की संख्या औसत तक आ गई है। एडिशनल एसपी ने बताया कि यह पुलिस का रूटीन काम है अवैध शराब की बिक्री होगी तो पुलिस की कार्यवाही जारी रहेगी। पिछले

3 दिन दिनांक 14.04.2020 को 27 प्रकरण 15.04.2020 को 23 प्रकरण और 16.04.2020 को 22 प्रकरण केवल कच्ची महुआ शराब के बनाए गए हैं। उसी प्रकार इन 3 दिनों में 94 प्रकरण मोटर व्हीकल एक्ट के विरुद्ध बनाए गए हैं जो लाक डाउन में अनावश्यक घूमते पाए गए। इनमें कुछ वे लोग हैं जो बगैर मास्क या कपड़े से मुंह ढके बिना घूमते पाए गए थे जिनके विरुद्ध पृथक से नगर निगम द्वारा जुर्माना वसूला गया है।

वहीं सारंगढ़ टीआई आशीष वासनिक की टीम द्वारा आज ही 06 प्रकरण कच्ची महुआ शराब के बनाए गए हैं जिसमें करीब 80 लीटर कच्ची महुआ शराब की जब्ती की गई है।

लॉकडाउन हेतु निर्धारित नियमों के पालन के जरिये राष्ट्र के प्रति अहम दायित्व का निर्वहन करें - बाबा प्रियदर्शी राम

न्याय साक्षी/रायगढ़। कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए राष्ट्रीय दायित्व के निर्वहन का आह्वान करते हुए बाबा प्रियदर्शी राम ने कहा कि यह समय राष्ट्र के प्रति दायित्व निभाने का है। अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट बनोरा के संस्थापक बाबा प्रियदर्शी राम जी के कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री भुपेश बघेल सहित स्थानीय जिला प्रसाशन द्वारा समय समय पर बताए जा रहे निर्देशों का निष्ठा पूर्वक ईमानदारी से पालन किये जाने की आवश्यकता भी जताई। चूँकि यह संक्रमण बहुत ही तेजी से फैलता है इसलिए सोशल डिस्टेंस की एहमियत को रेखांकित करते हुए आम जनता से अपील करते हुए कहा कि संक्रमण को रोकने लॉक डॉउन बढ़ाये जाने का कदम ही देशवासियों के जीवन की बड़े संकट से रक्षा कर सकता है। हर व्यक्ति देश की छोटी सी इकाई है सभी का योगदान राष्ट्र निर्माण में भूमिका निभाता है। स दौरान ध्यान धारणा व ईश्वरीय उपासना के जरिये आत्मबल बढ़ाने की आवश्यकता भी उन्होंने जताई। अन्य देशों को तुलना में भारत



देश की आबादी बहुत घनी है और यहाँ संक्रमण फैलने से स्थिती अनियंत्रित हो सकती है। इसलिए लॉक डॉउन की अवधि को बढ़ाया जाना ही एकमात्र विकल्प है इसका पालन हर देशवासी को करना चाहिए। मानव जाति पर आये इस संकट से उबरने के लिए धैर्य की आवश्यकता भी जताई। लॉक डॉउन अवधि में स्थानीय जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन चिक्तिसा कर्मियों निगम कर्मियों द्वारा किये जा रहे निरन्तर प्रयासो के लिए साधुवाद देते हुए बनोरा ट्रस्ट द्वारा मीडियाकर्मियों के प्रति भी आभार व्यक्त किया गया।

सरिया की सड़कों, गलियों में कोरोना बनकर घूमते युवक लोगों को कोरोना से कर रहे सावधान

» सरिया पुलिस व नगर पंचायत ने लोगों को जागरूक करने कोरोना की वेशभूषा वाली निकाली जीवंत झांकी

न्याय साक्षी/रायगढ़। देश में कोरोनावायरस के संक्रमितों के बढ़ते हुए आंकड़े इस ओर इशारा करते हैं कि लाक डाउन के बावजूद लोग घरों में ना रहकर बेकार में यहां-वहां घूमकर संक्रमित लोगों तथा संक्रमित स्थलों के संपर्क में आए हैं। राज्य में कोरबा के कटघोरा को छोड़कर अन्य कहीं भी करोना हॉटस्पॉट चिन्हित नहीं किया गया है जो सुखद संदेश है किंतु

लोगों को यहां भी सावधानी बरतने की विशेष आवश्यकता है। प्रशासन के दिशा निर्देशों का पालन एवं स्वयं की साफ-सफाई, सोशल डिस्टेंसिंग, शारीरिक दूरी रखने जैसे छोटे-छोटे नियमों का पालन कर इस महामारी से बचा जा सकता है। इस खतरे के प्रति सरिया के लोगों को जागरूक करने के लिए सरिया पुलिस व नगर पंचायत सरिया द्वारा या के सड़कों एवं गली मोहल्लों में जीवांत कोरोनावायरस की झांकी चार पहिया वाहन में निकाली गई। ओपन फोर व्हीलर में मौजूद युवक कोरोना की वेशभूषा धारण कर लोगों को इस बीमारी के खतरे को बताते हुए लोगों को घरों में रहने और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने की अपील करता है। कोरोना की वेशभूषा वाला यह युवक और उसके स्लोगन लोगों को आकर्षित कर रहा है। लोग इस बीमारी की गंभीरता को समाज भी रहे हैं और सरिया पुलिस व नगर पंचायत सरिया की पहल की प्रशंसा कर रहे हैं।

मालगाड़ी के चार डिब्बे पटरी से उतरे,मची कोयला लूटने की भीड़

कोरबा (आरएनएस)। मालगाड़ी के चार डिब्बे पटरी से उतर गये। कोयले से लदी ट्रेन पटरी से उतरने पर दुर्घटना हो गई। हालांकि इस घटना में किसी तरह की हताहत की खबर नहीं है। डिब्बे पटरी से उतरने पर दीपका मार्ग बाधित हो गया।

बताया जा रहा है कि मालगाड़ी एसईसीएल से कोयला लोड कर निकली थी। मालगाड़ी के डिब्बे पटरी से उतरते ही कोयले की लूट करने लोगों की भीड़ जमा हो गई और सोशल डिस्टेंसिंग को ताक पर रखकर लोग कोयला लूटने में भिड़ गये। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और एस ई सी एल के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे हैं। इसके बाद सुधार कार्य शुरू किया गया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480